an>

Title: Issue regarding heavy traffic Jam in Gurugram due to non-cleanliness of Najafgarh and Badshahpur drain.

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा (रोहतक) : माननीय अध्यक्ष महोदया, पूरे एनसीआर के 21 सांसदों में अकेले विपक्ष के सांसद के रूप में आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, उसके लिए आपका धन्यवाद।

मैं आपके माध्यम से सदन में गुरुग्राम और दिल्ली में ट्रेफिक जाम और वाटर लॉगिंग की समस्या से जूझ रहे आम नागरिकों की ओर मंत्री जी का ध्यान आकर्Âिषत करना चाहता हूं। दो दिन तक, तकरीबन 48 घंटे तक गुरुग्राम में लगातार जाम लगा रहा। वहां अभी भी जाम की स्थिति बनी हुई है। कल मुख्य मंत्री, हरियाणा ने हवाई सर्वेक्षण कर के जाम में फंसे लोगों को देखने और इस समस्या का जायजा लेने का काम किया था।

मैं सरकार को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए चार सुझाव देना चाहता हूं। एनएचएआई और हरियाणा सरकार की जो पहली प्रारंभिक रिपोर्ट आई है, उसमें इसका दोÂा एक दूसरे पर मढ़ने का काम किया गया है। हरियाणा सरकार ने कहा है कि हीरो होंडा चौक पर एनएचएआई की तरफ से काम स्लो चल रहा है और एनएचएआई ने कहा है कि बादशाहपुर ड्रेन और नजफगढ़ ड्रेन की सफाई न होने की वजह से पानी नहीं निकल पाया। मेरी सरकार से यह मांग है कि सरकार बताए कि बादशाहपुर ड्रेन हरियाणा में है और नजफगढ़ ड्रेन दिल्ली में है, तो इसकी सफाई की जिम्मेदारी किस की थी और क्यों सफाई नहीं की गई?

महोदया, दूसरा सुझाव यह है कि द्वारका एक्सप्रेस वे, जो वर्ष 2010 में मंजूर हुआ था और वर्ष 2014 तक इस पर 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, उस पर ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री जगदम्बिका पाल।